विज्ञा.सं. एनआरएससी:आरएमटी: **ADVERTISEMENT NO.NRSC/RMT/4/2025** दिनांक **DT. 10.11.2025**

**A)** राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) के प्रमुख केंद्रों में से एक है। एनआरएससी के पास उपग्रह डेटा प्राप्त करने हेतु भू-केंद्रों की स्थापना, डेटा उत्पादों के जनन, उन्हें प्रयोक्ताओं को वितरित करने, आपदा प्रबंधन सहायता, सुशासन हेतु भू-स्थानिक सेवाओं और पेशेवरों, संकाय सदस्यों एवं छात्रों के क्षमता निर्माण सहित सुदूर संवेदन अनुप्रयोगों के लिए तकनीक विकास का अधिदेश है। एनआरएससी देश की राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय सुदूर संवेदन डेटा तथा अनुप्रयोग संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कई परिसरों के माध्यम से कार्य करता है।

National Remote Sensing Centre (NRSC) is one of the primary centres of Indian Space Research Organisation (ISRO), Department of Space. NRSC has the mandate for establishment of ground stations for receiving satellite data, generation of data products, dissemination to the users, development of techniques for remote sensing applications including disaster management support, geospatial services for good governance and capacity building for professionals, faculty and students. NRSC operates through multiple campuses to meet national and regional remote sensing data and applications needs of the country.

**B)** **एनआरएससी निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:**
**NRSC invites ONLINE applications for the following posts:**

| क्र.सं. Sl. No | पद का नाम एवं विषय/ट्रेड Name of the Post & Discipline/Trade | पद कोड Post Code | पदों की संख्या No. of Posts | आरक्षण विवरण Reservation Details | | | | | आवश्यक योग्यता Essential Qualifications |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित UR | ओबीसी OBC | एससी SC | एसटी ST | ईडब्ल्यूएस EWS | |
| 01 | तकनीकी सहायक (सिविल) Technical Assistant (Civil) | 27 | **01** | -- | -- | -- | **01** | -- | किसी मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड/ विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी डिप्लोमा First Class Diploma in Civil Engineering from a recognized State Board/ University/ Institution. |
| 02 | तकनीकी सहायक (ऑटोमोबाइल)Technical Assistant (AutoMobile) | 28 | **01** | **01** | -- | -- | -- | -- | किसी मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड/ विश्वविद्यालय/संस्थान से ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी डिप्लोमा First Class Diploma in Auto Mobile Engineering from a recognized State Board/ University/ Institution. |
| 03 | तकनीशयन-बी (इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक) Technician-B (Electronic Mechanic) | 29 | **05** | **02** | **02** | **01** | -- | -- | 1. एसएसएलसी/एसएससी पास SSLC/ SSC Pass<br>2. एनसीवीटी से इलेक्ट्रॉनिक मैकैनिक ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी ITI/NTC/NAC in Electronic Mechanic Trade from NCVT |
| | | | | उपरोक्त पदों में से, 02 पद भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित है। Out of the above posts, 02 posts are reserved for Ex-servicemen | | | | | |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | तकनीशियन-बी (सूचान प्रौद्योगिकी) Technician-B (Information Technology) | 30 | **04** | **01** | **02** | -- | -- | **01** | 1. एसएसएलसी/एसएससी पास SSLC/ SSC Pass<br>2. एनसीवीटी से सूचना प्रौद्योगिकी ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी ITI/NTC/NAC in Information Technology Trade from NCVT |
| | | | | उपरोक्त पदों में से, 01 पद भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित है। Out of the above posts, 01 post is reserved for Ex-servicemen | | | | | |
| 05 | तकनीशियन-बी (इलेक्ट्रिकल) Technician-B (Electrical) | 31 | **01** | **01** | -- | -- | -- | -- | 1. एसएसएलसी/एसएससी पास SSLC/ SSC Pass<br>2. एनसीवीटी से इलेक्ट्रिकल ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी ITI/NTC/NAC in Electrical Trade from NCVT |
| 06 | ड्राफ्ट्समैन-बी (सिविल) Draughtsman-B (Civil) | 32 | **01** | **01** | -- | -- | -- | -- | 1. एसएसएलसी/एसएससी पास SSLC/ SSC Pass<br>2. एनसीवीटी से ड्राफ्ट्समैन सिविल ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी ITI/NTC/NAC in Draughtsman Civil Trade from NCVT |
| **कुल TOTAL** | | | **13** | **06** | **04** | **01** | **01** | **01** | |

**नोट / Note:**

1. पद कोड सं. 27 से 31 के लिए चिह्नित दिव्यांग (पीडब्ल्यूबीडी) अभ्यर्थियों के संबंध में कार्यात्मक आवश्यकताएं S, ST, BN, RW, SE, H हैं और पद कोड सं. 32 के लिए S, ST, W, BN, L, KC, MF, RW, SE, H, C हैं।
   Functional Requirements in respect of PwBD candidates for Post Code No.27 to 31 is S, ST, BN, RW, SE, H and Post Code 32 is S, ST, W, BN, L, KC, MF, RW, SE, H, C.

**प्रयुक्त संक्षिप्तियाँ / Abbreviations used:**
यूआर-अनारक्षित, ओबीसी-अन्य पिछड़ा वर्ग, एससी-अनुसूचित जाति, एसटी- अनुसूचित जनजाति, ईडब्ल्यूएस.-आर्थिक रूप से निर्बल वर्ग, पीडब्ल्यूबीडी- बेंचमार्क दिव्यांग ; एस- बैठना, एसटी- खड़ा होना, बीएन- झुकना, आरडब्ल्यू- पढ़ना और लिखना, एसई- देखना, एच- सुनना, डब्ल्यू-टहलना, एल-उठाना, केसी- घुटना टेकना एवं झुककर बैठना, एसएफ- उंगलियों से हेरफेर, सी-संचार.
UR-Unreserved, OBC-Other Backward Classes, SC-Scheduled Caste, ST-Scheduled Tribe, EWS-Economically Weaker Sections, PwBD-Persons with Benchmark Disabilities; S- Sitting, ST- Standing, BN- Bending, RW- Reading & Writing, SE- Seeing, H- Hearing, W-Walking, L-Lifting, KC-Kneeling & Crouching, MF-Manipulating with Fingers, C-Communication.

## C) तैनाती का स्थान Place of Posting:

चयनित उम्मीदवारों को हैदराबाद और शादनगर (रंगारेड्डी जिला) में स्थित एनआरएससी की एक या अधिक तकनीकी सुविधाओं में ड्यूटी करनी होगी। उन्हें जरूरत के आधार पर दिल्ली, बेंगलुरु, नागपुर, कोलकाता और जोधपुर में स्थित आरआरएससी सहित एनआरएससी के अन्य परिसरों में भी सेवा करने की आवश्यकता हो सकती है। इसके अलावा, नियुक्ति के साथ अंतरिक्ष विभाग/भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के नियंत्रण में भारत में कहीं भी सेवा करने की जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है। The selected candidates are required to perform duties at one or more of the technical facilities of NRSC located at Hyderabad and Shadnagar (Rangareddy District). They may also be required to serve at other campuses of NRSC including RRSCs located at Delhi, Bengaluru, Nagpur, Kolkata and Jodhpur on need basis. Further, the appointment carries with it the liability to be posted anywhere in India under the control of Department of Space/Indian Space Research Organisation.

## D) कैरियर प्रगति / Career Progression:

इसरो अपनी प्रगतिशील 'मेधावी पदोन्नति योजना' के तहत कैरियर विकास के लिए उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है,जिसमें उच्च स्तर पर पदोन्नति, रिक्ति की उपलब्धता पर निर्भर नहीं है। समय-समय पर योग्यता आधारित कार्यनिष्पादन समीक्षा प्रणाली के माध्यम से मेधावी उम्मीदवार पदानुक्रम में ऊंचे स्थान तक पहुंच सकते हैं। ISRO provides excellent opportunities for Career growth under its progressive `Merit Promotion Scheme' wherein Promotion to higher levels is delinked from availability of vacancy. Meritorious candidates can rise in hierarchy through the periodic Merit Based Performance Review system.

## E) आय और भत्ते एवं आयु में छूट:
## Pay & Allowances and Age limit/Relaxation:

| पद कोड<br>**Post Code** | पद का नाम<br>**Name of the post & Pay Level** | वर्तमान में वेतन स्तर के न्यूनतम पर अनुमानित सकल परिलब्धियां<br>**Approximate gross emoluments at the minimum of the pay level as on date** | आयु सीमा (दिनांक **30.11.2025** तक)<br>**Age Limit (as on 30.11.2025)** |
|---|---|---|---|
| 27-28 | तकनिकी सहायक<br>Technical Assistant<br>Level-7 of the Pay Matrix as per 7th CPC<br>[Rs.44,900 – Rs. 1,42,400] | ₹ 70,942/- प्रति माह / per month<br>(मूल वेतन+महंगाई भत्ता Basic Pay + DA @58%)<br><br>भारत सरकार के आदेशानुसार मकान किराया भत्ता तथा परिवहन भत्ता<br>HRA & Transport Allowance as per Govt. of India orders | 18-35 वर्ष / Years |
| 29-31 | तकनीशियन 'बी'<br>Technician 'B'<br>Level-3 of the Pay Matrix as per 7th CPC<br>[Rs.21,700 – Rs. 69,100] | ₹ 34,286/- प्रति माह / per month<br>(मूल वेतन+महंगाई भत्ता Basic Pay + DA @58%)<br><br>भारत सरकार के आदेशानुसार मकान किराया भत्ता तथा परिवहन भत्ता<br>HRA & Transport Allowance as per Govt. of India orders | |
| 32 | तकनीशियन 'बी'<br>Draughtsman 'B'<br>Level-3 of the Pay Matrix as per 7th CPC<br>[Rs.21,700 – Rs. 69,100] | | |

**आरक्षित पदों के सामने दी गई इन श्रेणियों के लिए** ऊपरी आयु सीमा में एससी/ एसटी अभ्यर्थियों के लिए 05 वर्ष तथा ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए 03 वर्ष तक की छूट है। भूतपूर्व सैनिकों (ESMs), बेंचमार्क दिव्यांग जन (PwBDs), केंद्रीय सरकारी सेवक, मेधावी खिलाड़ी आदि भारत सरकार के आदेशानुसार ऊपरी आयु सीमा के पात्र हैं। Relaxation in upper age limit by 05 years for SC/ ST candidates and 03 years for OBC candidates is admissible **against the posts reserved for these categories**. Ex-Servicemen (ESMs), persons with Benchmark Disabilities (PwBDs), Central Govt. servants, Meritorious Sportspersons etc are eligible for upper age relaxation as per Government of India Orders. Candidates seeking upper age relaxation should produce relevant Certificate as issued by the Competent Authorities.

- कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली/एकीकृत पेंशन योजना के तहत शासित किया जाएगा, जैसा कि समय-समय पर निर्धारित किया जा सकता है। The Employees will be governed under the National Pension System/Unified Pension Scheme as may be prescribed from time to time.

## F) आवेदन शुल्क / Application Fee:

i. पोस्ट कोड 27 से 28 के लिए For post code 27 to 28

प्रत्येक आवेदन के लिए अप्रतिदेय( नॉन रिफंडेबल) आवेदन शुल्क ₹ 250/- (मात्र सौ रूपये) है। हालॉकि शुरू में सभी कर्मचारियों के लिए समान रूप से ₹ **750**/- (**पाँच सौ रूपये मात्र**) प्रत्येक आवेदन की प्रक्रिया शुल्क होगें। निम्नानुसार :- प्रक्रिया शुल्क केवल उन अभ्यर्थियों के लिए प्रतिदेय होगा जो लिखित परीक्षा में उपस्थित होंगे।

There is a non-refundable Application Fee of Rs.250/- (Rupees Two Hundred Fifty only) for each application. However, initially all candidates have to uniformly pay ₹ **750/- (Rupees Seven Hundred Fifty only)** per application as processing fee. The Processing fee will be refunded only to candidates who appear in the written test, as under: -

- जिन अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क (महिला, एससी/एसटी/दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिकों) के लिए ₹ 750/- भुगतान से छूट है, उन्हें पूरे प्रतिदेय का भुगतान किया जाएगा।
  ₹ 750/- i.e. refund in full for candidates who are exempted from payment of Application Fee (women, SC/ST/ PwBD and Ex-Servicemen).
- अन्य सभी संबंधित अभ्यर्थियों को कटौती के पश्चात् ₹ 500/- आवेदन शुल्क दिया जाएगा।
  ₹500/- i.e. after deducting the Application Fee in respect of all other candidates.

ii. पोस्ट कोड 29 से 32 के लिए For post code 29 to 32

प्रत्येक आवेदन के लिए ₹100/- (मात्र एक सौ रुपये) का गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क है। हालाँकि, शुरुआत में सभी उम्मीदवारों को प्रति आवेदन एक समान **₹500/- (मात्र पाँच सौ रुपये)** प्रसंस्करण शुल्क के रूप में देना होगा। प्रसंस्करण शुल्क केवल लिखित परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को ही वापस किया जाएगा, जैसा कि नीचे दिया गया है: -

There is a non-refundable Application Fee of Rs.100/- (Rupees One Hundred only) for each application. However, initially all candidates have to uniformly pay ₹ **500/- (Rupees Five Hundred only)** per application as processing fee. The Processing fee will be refunded only to candidates who appear in the written test, as under: -

- जिन अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क (महिला, एससी/एसटी/दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिकों) के लिए ₹500/- भुगतान से छूट है, उन्हें पूरे प्रतिदेय का भुगतान किया जाएगा।
  ₹500/- i.e. refund in full for candidates who are exempted from payment of Application Fee (women, SC/ST/ PwBD and Ex-Servicemen).
- अन्य सभी संबंधित अभ्यर्थियों को कटौती के पश्चात् ₹400/- आवेदन शुल्क दिया जाएगा।
  ₹400/- i.e. after deducting the Application Fee in respect of all other candidates.

- आवेदन पत्र में सभी विवरण भरने के बाद, उम्मीदवारों को भुगतान करने के लिए **भारतकोश** भुगतान गेटवे पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। सफल भुगतान पर, भुगतान के विवरण के साथ ई-पावती स्क्रीन पर प्रदर्शित की जाएगी, जिसे उम्मीदवार भविष्य के संदर्भ के लिए डाउनलोड कर सकते हैं। सफल भुगतान के बाद, उम्मीदवारों को आवेदन के अंतिम रूप से जमा करने के लिए एक बार फिर से ई-भर्ती पोर्टल पर लॉगिन करने की सलाह दी जाती है। After filling up the details in the application form, the candidates will be directed to **BHARATKOSH** payment gateway for making the payment. On successful payment, e-acknowledgement with details of payment will be displayed on the screen, which the candidate may download for future reference.

- **नोट :** शुल्क भुगतान की तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि ही शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि होगी। कृपया ध्यान दें कि एनआरएससी किसी पेंडिंग ट्रांजेक्शन या ट्रांजैक्शन फेल होने के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आखिरी तारीख का इंतज़ार किए बिना समय पर अपने आवेदन रजिस्टर कर भुगतान करें। **Note**: There is no extendable date for the payment of fees. The last date for submission of the application form shall also be the last date for the payment of fees. Please note that NRSC shall not be responsible for pending transactions or transaction failures. Candidates are advised to register their applications and make the payments well in time without waiting for the last date.

- **किसी अन्य रूप में आवेदन शुल्क का भुगतान जैसे-नकद धनप्रेषण, चेक, ड्राफ्ट, मनीऑर्डर, आईपीओ, आदि की अनुमति नहीं है (या) भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। Payment of Application Fee in any other form like cash remittance, cheque, draft, money order, IPO, etc. are not allowed (or) No other mode of payment will be accepted.**

- शुल्क की वापसी केवल उम्मीदवार द्वारा आवेदन में दिए गए बैंक खाते के विवरण में की जाएगी। इसलिए, उम्मीदवारों को सही और पूर्ण बैंक खाता विवरण जैसे- खाताधारक का नाम, खाता संख्या और IFSC कोड प्रदान करना आवश्यक है। उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत बैंक विवरण के कारण धनवापसी प्रदान करने में विफलता के लिए NRSC जिम्मेदार नहीं होगा। कृपया ध्यान दें कि यदि कोई उम्मीदवार लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित होने में विफल रहता है तो धनवापसी पर विचार नहीं किया जाएगा। Refund of fee shall be made only to the bank account details as provided by the candidate in the application. Hence, Candidates are required to provide correct and complete bank Account details i.e., Account holder name, Account Number and IFSC Code. NRSC shall not be responsible for failure to grant refund due to incorrect bank details provided by the candidate. Please note that refund will not be considered if a candidate fails to appear for the Written Test.

- शुल्क के भुगतान के लिए प्लेटफॉर्म द्वारा लगाया गया सेवा शुल्क, यदि कोई हो, आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा। Service charges, if any, levied by the platform for payment of fee shall be borne by the Applicant.

- **ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण के बाद, उम्मीदवार व्यक्तिगत पंजीकरण पुष्टिकरण फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं जिसमें भविष्य के संदर्भ के लिए उम्मीदवार का नाम, पंजीकरण संख्या, विज्ञापन संख्या और पोस्ट कोड शामिल होगा। After registration of application online, the candidates may download the personalised registration confirmation form which will contain the Name of Candidate, Registration No., Advertisement No. and Post Code for future reference.**

## G) दस्तावेजों को अपलोड करना / Uploading of Documents:

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पोर्टल में स्पष्ट चित्र / स्कैन किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां अपलोड करना आवश्यक है, ऐसा न करने पर, आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।
Candidates are required to upload clear images/ scanned copies of the following documents in the Online portal, failing which their applications will be rejected: -

i. हाल ही में लिया गया पासपोर्ट आकार का रंगीन चित्र, (3 माह से पुराना न हो) जेपीईजी फार्मेट में, स्कैनर dpi 200dpi होना चाहिए Recent colour passport size photograph (not older than 3 months) in .jpg or .jpeg format only (Size from 100 kb to 200 kb & dimensions should be 3.5 cm x 4.5 cm), Scanner dpi should be 200dpi

ii. जेपीजी फार्मेट में हस्ताक्षर / Signature-in .jpg or .jpeg format only Size from 80 kb to 150 kb)

iii. सभी आवश्यक योग्यता प्रमाण पत्र और अनुभव प्रमाण पत्र, यथा- All the required Essential Qualification certificates viz.,
   a) एसएससी/दसवीं कक्षा (जन्म तिथि प्रमाण) SSC/SSLC Certificate (Date of Birth Proof)
   b) डिप्लोमा सर्टिफिकेट और समेकित मार्कशीट/सेमेस्टर वार मार्कशीट (पद कोड 27-28 हेतु)
      Diploma Certificate and Consolidated Marksheet/Semester wise Marksheets [for post code 27-28)
   c) प्रासंगिक ट्रेड में एनसीवीटी से आईटीआई/एनटीसी/एनएसी प्रमाणपत्र (पद कोड 29-32 हेतु)
      ITI/NTC/NAC Certificate from NCVT in relevant trade. [for Post code 29 to 32]

d) पात्र एससी/एसटी/ दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक प्रमाणपत्र, अभ्यर्थियों को जहां लागू हो, प्रक्रिया शुल्क प्रतिदेय है (कोई एक प्रमाण पत्र) (ऑनलाइन आवेदन भरते समय, यह सलाह दी जाती है कि उपरोक्त बताए गए सभी दस्तावेज पहले से तैयार रखें ताकि अपलोड करते समय किसी भी प्रकार की असुविधा न हो) SC/ST/PwBD/ Ex-servicemen certificate as applicable for full refund of processing Fee (any one certificate). (While filling up on-line application, it is advisable to keep the above documents readily available to upload the same).

नोट / Note:

a) अपलोड किया गया फोटो पूरी तरह से स्पष्ट हो ताकि अभ्यर्थी पहचान में आ सके। साथ ही, अपलोड किया गया हस्ताक्षर स्पष्ट एवं पढ़ने योग्य हो। ऑनलाइन आवेदन में इन अपेक्षाओं के पूरा नहीं होने से अभ्यर्थिता रद्द हो सकती है। The Photograph uploaded should be very clear to identify the candidate. Similarly, signature uploaded should be clear and legible. Failure to meet these requirements in the online application will lead to cancellation of candidature.

b) आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड किए बिना प्रस्तुत किए गए आवेदन अमान्य होंगे। Applications submitted without uploading the requisite documents will be treated as Invalid.

c) अभ्यर्थियों को जब कभी भी बुलाया जाए, पद के लिए निर्धारित शैक्षिक योग्यता संबंधी विवरणों के प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे, जाति प्रमाण पत्र (एससी/एसटी/ओबीसी), आर्थिक कमज़ोर वर्ग (EWSs) के लिए आय तथा संपदा प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिकों के लिए कार्य-मुक्ति प्रमाण पत्र तथा PWBD अभ्यर्थियों के लिए विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। Candidates will have to produce proof of details regarding educational qualification prescribed for the post, caste certificate (i.e.SC/ST/OBC), Income and Asset Certificate for Economically Weaker Sections (EWSs), Discharge certificate for Ex-Servicemen and Disability Certificate for PWBD candidates as and when called for.

d) कौशल परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी के मूल दस्तावेजों और प्रमाण-पत्रों का सत्यापन किया जाएगा, हालांकि केवल लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा में उपस्थित होने मात्र से चयन के लिए पात्रता नहीं होगी। The original documents and credentials of the candidate will be verified during the Skill Test and mere admission to appear for the Written Test/ Skill Test shall not bestow eligibility for selection.

## H) चयन प्रक्रिया / Selection Process:

**i.** चयन की विधि लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षा होगी। लिखित परीक्षा इस तरह आयोजित की जाएगी कि अभ्यर्थी के सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान दोनों को निर्धारित ट्रेड में उसकी गहरी पैठ की जांच की जा सके।
The mode of Selection will be Written Test and Skill test. The Written Test/Skill Test will be conducted in such a way that theoretical and practical knowledge of the candidate is tested covering both breadth and depth of the prescribed curriculum of the relevant discipline/trade.

### ii. परीक्षा का पैटर्न / Pattern of Exam:

| पद का नाम<br>**Name of the Post** | लिखित परीक्षा<br>**Written Test** | कौशल परीक्षा<br>**Skill Test** |
|---|---|---|
| तकनीकी सहायक<br>Technical Assistant | 1.5 घंटे में 80 बहुवैकल्पिक प्रश्न<br>80 MCQs in 1.5 hrs<br>(+1 for correct answer & -0.33 for wrong answer) | 100 अंक / marks<br>(मात्र अर्हता प्राप्ति के लिए<br>Qualifying nature only) |
| तकनीशियन 'बी'<br>Technician 'B' | | |
| ड्रैफ्ट्स्मैन -'बी'<br>Draughtsman-B | | |

**iii. उत्तीर्णता मानदंड / Pass Criteria:**

| श्रेणी **Category** | लिखित परीक्षा **Written Test** | कौशल परीक्षा **Skill Test** |
|---|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियां General Standards | 32/80 अंक marks | 50/100 अंक marks |

जहां कोई पद आरक्षित है और अगर चयन के सामान्य मानक के तहत पास योग्यता को पूरा करने वाले आरक्षित अभ्यर्थि तय अनुपात में कौशल जाँच के लिए शॉर्ट-लिस्टिंग या पैनल में शामिल होने के लिए काफी संख्या में उपलब्ध नहीं हैं, तो ऐसे आरक्षित अभ्यर्थि (*EWS* कैटेगरी को छोड़कर) को चयन के मानक में छूट दी जाएगी, जो इस प्रकार है:-
Where a Post is reserved and if sufficient number of reserved candidates who satisfy the Pass Criteria under general standards of Selection are not available, either for short-listing for Skill Test in the defined ratio or for empanelment, then relaxation in standards of Selection will be extended to such reserved candidates (except EWS Category), as under:-

| श्रेणी **Category** | लिखित परीक्षा **Written Test** | कौशल परीक्षा **Skill Test** |
|---|---|---|
| Relaxed Standards | 24/80 अंक marks | 40/100 अंक marks |

*नोट*/**Note:** **कौशल परीक्षा पूरी तरह गो-नो-गो के आधार पर होगी। कौशल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों में से लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम चयन होगा।**
**Skill Test will be purely on a go-no-go basis. Final selection will be based on the marks obtained in the Written Test from among the candidates who qualify the Skill Test.**

## I) कौशल परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट करना / Short-listing for Skill Test:

अभ्यर्थी को कौशल परीक्षा के लिए लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर, उम्मीदवारों को श्रेणी-वार रिक्तियों की संख्या के अनुसार न्यूनतम 10 उम्मीदवारों के साथ 1:5 के अनुपात में कौशल परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। मूल्यांकन परिणाम बनाम रिक्तियों के अनुसार, उम्मीदवारों को हैदराबाद में आयोजित होने वाले कौशल परीक्षण के लिए बैचों में बुलाया जाएगा।
Based on the performance in the Written Test, candidates will be shortlisted for Skill Test in 1:5 ratio with a minimum of 10 candidates to the category-wise number of vacancies. The candidates shall be called in batches for Skill Test to be conducted at Hyderabad, as per the evaluation result v/s vacancies.

अधिसूचित रिक्तियों की संख्या के आधार पर लिखित परीक्षा के प्राप्त अंकों के क्रम में पैनलबद्ध किया जाएगा। लिखित परीक्षा में बराबर अंक की दशा में, पद के लिए अधिसूचित आवश्यक योग्यता के शैक्षणिक अंकों को पहला टाई-ब्रेकर माना जाएगा। आवश्यकता के आधार पर दूसरा टाइ-ब्रेकर अभ्यर्थी की आयु होगी। (वरिष्ठ अभ्यर्थी को आगे रखा जाएगा।)
Empanelment shall be done in the order of marks obtained in the Written Test, subject to number of vacancies notified. In case of a tie in the Written Test scores, the academic score of the essential qualification as notified for the Post will be the 1st tie-breaker. The 2nd tie breaker on need basis, will be the age of the candidate (senior candidate will be placed ahead).

**J)** **भर्ती के लिए लिखित परीक्षा निम्नलिखित संभावित शहरों में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) माध्यम द्वारा आयोजित की जाएगी। The Written Test for recruitment will be conducted through online Computer Based Test (CBT) mode at the following cities tentatively:-**

| क्र.सं,. Sl. No. | परीक्षा केंद्र EXAMINATION CENTRE | राज्य/केंद्र-शासित प्रदेश/एनसीआर STATE/UT/NCR |
|---|---|---|
| 1 | विजयवाड़ा VIJAYAWADA | आंध्र प्रदेश ANDHRA PRADESH |
| 2 | विशाखापत्तनम VISHAKHAPATNAM | |
| 3 | तिरुपति TIRUPATI | |
| 4 | पटना PATNA | बिहार BIHAR |
| 5 | रायपुर RAIPUR | छत्तीसगढ CHHATTISGARH |
| 6 | अहमदाबाद AHMEDABAD | गुजरात GUJARAT |
| 7 | रांची RANCHI | झारखंड JHARKHAND |
| 8 | बेंगलुरु BANGALORE | कर्नाटक KARNATAKA |
| 9 | तिरुवनंतपुरम THIRUVANANTHAPURAM | केरल KERALA |
| 10 | एर्णाकुलम ERNAKULAM | |
| 11 | भोपाल BHOPAL | मध्य प्रदेश MADHYA PRADESH |
| 12 | मुंबई MUMBAI | महाराष्ट्र MAHARASHTRA |
| 13 | नागपुर NAGPUR | |
| 14 | नई दिल्ली NEW DELHI | नई दिल्ली NEW DELHI /HARYANA/PUNJAB |
| 15 | भुवनेश्वर BHUBANESHWAR | ओडिशा ODISHA |
| 16 | जयपुर JAIPUR | राजस्थान RAJASTHAN |
| 17 | जोधपुर JODHPUR | |
| 18 | चेन्नई CHENNAI | तमिलनाडु TAMILNADU |
| 19 | हैदराबाद HYDERABAD | तेलंगाना TELANGANA |
| 20 | करीमनगर KARIMNAGAR | |
| 21 | लखनऊ LUCKNOW | उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH |
| 22 | कानपुर KANPUR | |
| 23 | प्रयागराज PRAYAGRAJ | |
| 24 | देहरादून DEHRADUN | उत्तराखंड/ UTTARAKHAND/ हिमाचल प्रदेश HIMACHAL PRADESH |
| 25 | कोलकाता KOLKATA | पश्चिम बंगाल WEST BENGAL/NORTH EAST STATES |

1. एनआरएससी के पास किसी अप्रत्याशित/प्रशासनिक कारणों से किसी भी सीबीटी केंद्र को बदलने/रद्द करने और आवेदकों को दूसरे सीबीटी केंद्र में पुनः आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित है। NRSC reserves the right to change/ cancel any of the CBT centre(s) and reallocate the applicants to another CBT centre(s) at its absolute discretion.

2. प्रशासनिक आवश्यकतानुसार, उम्मीदवार द्वारा चयनित परीक्षा शहर का आवंटन किया जाएगा। यदि किसी उम्मीदवार को चुने गए शहर में समायोजित करना संभव नहीं है, तो उसे वरीयता सूची में उम्मीदवार द्वारा चुने गए निकटतम संभावित परीक्षा शहर/अगला शहर में समायोजित किया जाएगा। Allotment of Examination City as opted by a candidate will be strictly subject to administrative exigencies. In case it is not feasible to accommodate any candidate in the opted City, he/she will be assigned the nearest feasible Examination city/ Next City opted by the candidate in the preference list.

## K) आवेदन कैसे करें How to apply:

i. केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। Applications will be received on-line only.

ii. ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन एनआरएससी की वेबसाइट पर 10.11.2025 (10:00 बजे) से 30.11.2025 (17:00 बजे) तक उपलब्ध रहेगा। The application for on-line registration will be hosted in NRSC website from 10.11.2025 (10:00 hours) to 30.11.2025 (17:00 hours).

iii. पंजीकरण के बाद, आवेदकों को एक ऑनलाइन पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी, जो कि भविष्य में उपयोग हेतु संभालकर रखी जाए। आवेदक की सही ई-मेल आईडी एवं मोबाइल संख्या अनिवार्य रूप से आवेदन में प्रदान किया जाए। Upon registration, applicants will be provided with an on-line Registration Number, which should be carefully preserved for future reference. E-mail ID and Mobile Number of the applicant are to be furnished in the application correctly and compulsorily.

iv. आवेदन अनिवार्य रूप से अंतिम तिथि (30.11.2025) के अंदर प्रस्तुत करें। Application has to be necessarily submitted within the due date (30.11.2025).

v. अभ्यर्थी को आगे के सभी पत्राचार केवल उसके/उसकी पंजीकृत ई-मेल आईडी/एनआरएससी वेबसाइट द्वारा किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अपनी ई-मेल को नियमित रूप से देखें तथा एनआरएससी वेबसाइट भी समय-समय पर देखें। उपरोक्त के अनुसार भेजी/प्रदान की गई किसी जानकारी के नहीं प्राप्त होने के लिए एनआरएससी जिम्मेदार नहीं होगा, तथा इस विषय पर किसी प्रकार के अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। All further communications to the candidate shall be through his / her registered e-mail ID / NRSC website only. The candidates are advised to check their e-mail (including spam/ junk folders) regularly and visit NRSC website from time to time. NRSC will not be responsible for non-receipt of any intimation sent/provided as afore-said, and no representation on the matter will be entertained.

## L) अभ्यर्थियों के लिए सामान्य शर्तें / निर्देश:
## General Conditions / Instructions to Candidates:

i. यह सुनिश्चित करना पूरी तरह से अभ्यर्थी की ज़िम्मेदारी है कि वह पात्रता मानदंड और विज्ञापन में अधिसूचित ऐसी सभी अन्य शर्तों को पूरा करते हैं। It is the absolute responsibility of the candidate to ensure that he/she fulfils the eligibility criteria and such other conditions as notified in the advertisement.

ii. केवल उत्तीर्ण उम्मीदवार ही आवेदन करने के पात्र हैं। अंतिम परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे उम्मीदवारों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। Only passed out candidates are eligible to apply. Candidates waiting for final result need not apply.

iii. उपर्युक्त पदों के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएं आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को धारित/वैध/जारी होनी चाहिए। The Educational Qualifications which are required for the above posts should be possessed/ valid/ issued as on the last date of receipt of applications.

iv. नेशनल कैरियर सर्विसेज (एनसीएस) पोर्टल के तहत पंजीकृत और पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवार एनआरएससी वेबसाइट देखें और आवेदन प्रक्रिया का पालन करें। The Candidates registered under National Career Services (NCS) portal and fulfilling the eligibility conditions may visit NRSC website and follow the application procedure as stated.

v. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करते समय तथा जब भी बुलाया जाए, प्रस्तुत किए गए विवरणों के प्रमाण प्रदान करने होंगे। Candidates will have to produce proof of the details furnished in their applications submitted on-line as and when called for.

vi. अभ्यर्थियों को आवेदन करते समय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पात्रता मानदंड और अन्य अपेक्षाओं को पूरा करते हैं और उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण सही हैं। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है, अन्य अपेक्षाओं का अनुपालन नहीं करता/ती है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छुपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और यदि नियुक्त किया जाता है, तो इसे प्रारंभतः अमान्य माना जाएगा। While applying, the candidates should ensure that they fulfil the eligibility criteria and other requirements and that the particulars furnished by them are correct in all respects. In case, it is detected at any stage of recruitment process that the candidate does not fulfil the eligibility criteria and/or does not comply with other requirements and/or he/she has furnished any incorrect/false information or has suppressed any material fact(s), his/her candidature is liable to be rejected and if appointed, such appointment shall be liable to be held as null & void ab-initio.

vii. अधूरे और विज्ञापन की अपेक्षाओं के अनुरुप पुष्टि नहीं होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। Applications that are not in conformity with the requirements indicated in this advertisement and incomplete applications will not be entertained.

viii. समान पद कोड के लिए अभ्यर्थी एक से अधिक आवेदन न करें। सभी उद्देश्यों के लिए अंतिम ऑनलाइन आवेदन पर ही विचार किया जाएगा। Candidates should avoid submitting multiple applications for the same post code. The last submitted online application will be considered as final for all purposes.

ix. ऑनलाइन आवेदन के दौरान प्रस्तुत किए गए विवरण के समर्थन में कौशल परीक्षा के समय अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से सभी संबंधित मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। ऑनलाइन प्रस्तुत की गई कोई भी जानकारी गलत या झूठी पाई जाती है, तो अभ्यर्थी को कौशल परीक्षा के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी तथा यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा। Candidates have to mandatorily submit all relevant original documents, in proof of details furnished in their online applications at the time of Skill Test. If any information furnished on-line is found to be wrong or false, the candidate will not be allowed for Skill Test and Travelling allowance will not be paid.

x. भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को भूतपूर्व सैनिक की स्थिति को विधिवत चिह्नित करते हुए कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र की साक्ष्यांकित प्रति या सेवानिवृत्त नहीं होने पर अनापत्ति प्रमाणपत्र तथा ट्रेड समकक्षता प्रमाणपत्र, परीक्षा के समय प्रस्तुत करना होगा। Ex-Servicemen Candidates have to submit attested copy of Discharge certificate duly indicating the Ex-Serviceman status or NOC if not retired, and equivalency certificate to the trade, at the time of Skill Test.

xi. किसी भी प्रकार के अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। परंतु, किसी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए, अभ्यर्थी recruit@nrsc.gov.in पर ई-मल कर सकते हैं। No interim correspondence will be entertained. However, in case of any clarification, the candidates may e-mail to recruit@nrsc.gov.in.

xii. लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों को सूचना केवल उनकी पंजीकृत ई-मेल के द्वारा ही दी जाएगी। इस उद्देश्य के लिए, अभ्यर्थी **अनिवार्य** रूप से अपनी **सही ई-मेल आईडी** प्रस्तुत करें। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि इन भर्तियों से संबंधित नवीनतम जानकारी के लिए नियमित रूप से एनआरएससी वेबसाइट एवं पंजीकृत ई-मेल आईडी देखें। Intimation to the eligible candidates for the Written Test/Skill Test will be sent only to registered e-mail ID of the candidate. For this purpose, candidates are required to

furnish their E-mail ID CORRECTLY and COMPULSORILY. Candidates are advised to regularly check NRSC website and their registered e-mail IDs for updates on this recruitment.

xiii. सामान्य ड्यूटी के साथ-साथ चौबीस घंटे के आधार पर शिफ्ट/आपातकालीन ड्यूटी करना भी अधिसूचित पद की ड्यूटी में शामिल है। The duties of the notified Posts include attending to general duties as well as shift/emergency duties on round the clock basis.

xiv. एनआरएससी के पास बिना कोई कारण बताए, किसी भी पद को न भरने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है, यदि ऐसा निर्णय होता है। चिह्नित रिक्तियां अनंतिम है एवं आवश्यकता के अनुसार भिन्न हो सकती है। NRSC reserves absolute rights not to fill up the post, if it so decides, and without assigning any reason. The vacancy indicated is provisional and may vary as per requirement.

xv. अनापत्ति प्रमाणपत्र No Objection Certificate:

वे अभ्यर्थी जो केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम, स्वायत्त संस्थाओं, आदि के अधीन कार्यरत हैं उन्हें कौशल परीक्षा के समय संबंधित नियोक्ता से **अनापत्ति प्रमाणपत्र** प्रस्तुत करना होगा। इसके अतिरिक्त, ऐसे अभ्यर्थी जो ऑनलाइन आवेदन के बाद कहीं और नियोजित हो गए हैं, उन्हें भी कौशल परीक्षा के समय संबंधित नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। **उपरोक्त के अनुसार यदि कोई अभ्यर्थी अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं करता है, तो उसे कौशल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी एवं उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।** Candidates who are employed under Central / State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous Bodies, etc., have to submit **No Objection Certificate** from the Employer concerned at the time of Skill Test. Further, candidates who get employed after the submission of online application should also submit No Objection Certificate from Employer at the time of Skill Test. **A candidate who fails to submit NOC as above, will not be permitted to attend the Skill Test and his/her candidature will be cancelled**.

xvi. **यात्रा भत्ता Travelling Allowance** :

कौशल परीक्षा के लिए बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को साक्ष्य जैसे कि रेलवे टिकट सं./पीएनआर संख्या या बस टिकट/ई-टिकट का प्रिंट आउट आदि प्रस्तुत करने पर कौशल परीक्षा के लिए वेब आवेदन में दिए गए पते से सबसे निकट मार्ग के लिए शयनयान (स्लीपर) श्रेणी का रेल का किराया या एसी रहित बस का किराया, जो भी कम हो भुगतान किया जाएगा। लिखित परीक्षा में भागीदारी के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा। **(दस्तावेज़ सत्यापन के बाद कौशल परीक्षण के लिए अनुमति प्राप्त उम्मीदवारों को ही पात्र यात्रा भत्ता का भुगतान किया जाएगा।)** Outstation candidates called for Skill Test will be paid to and fro sleeper class Railway Fare or non-AC bus fare, whichever is less; by the shortest route from the address given in the web application to the place of Skill Test, on production of Railway/Bus Ticket or print-out of e-tickets. No Travelling Allowance will be paid for attending the Written Test. **(The candidates who are allowed for Skill Test after successful document verification will alone be paid eligible Travelling Allowance.**)

xvii. **बायोमेट्रिक सत्यापन Biometric Verification:**

यदि आवश्यक हो तो उम्मीदवारों को बायोमेट्रिक सत्यापन से गुजरने के लिए तैयार रहना चाहिए, क्योंकि एनआरएससी, विभिन्न चरणों में, उम्मीदवारों के बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए डिजिटल प्रारूप में उम्मीदवारों की फोटो और अंगूठे का निशान / IRIS स्कैन ले सकता है। उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके अंगूठे का सही निशान/ IRIS स्कैन विभिन्न चरणों में लिया गया है क्योंकि किसी भी विसंगति के कारण उनकी उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी। तदनुसार, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे कॉल लेटर में दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करें। Candidates should be willing to undergo biometric verification, as required, at various stages of recruitment, by way of capture of photo thumb impression, IRIS scan etc., of the

candidates. Candidate shall ensure that his/ her correct thumb impression/ IRIS Scan etc., is captured at various stages as any inconsistency theirin may lead to rejection of their candidature. Accordingly, candidates are advised to follow the guidelines that shall be provided in the call letter.

xviii. एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस से संबंधित उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा के समय केंद्र सरकार के तहत पदों में आरक्षण के लिए लागू निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक- I, II और III) में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रासंगिक मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए। Candidates belonging to SC/ST/OBC/EWS should produce the relevant original certificates issued by the competent authority in the prescribed format applicable for reservation in posts under Central Government (Annexure-I, II & III), at the time of Skill Test.

xix. कौशल परीक्षण के समय ओबीसी उम्मीदवारों के संबंध में, आरक्षण केवल उन उम्मीदवारों को उपलब्ध होगा, जो क्रीमी लेयर में नहीं आते हैं और उन्हें नौकरियों में आरक्षण के लिए लागू निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) प्रमाण पत्र जमा करना होगा। ओबीसी प्रमाणपत्र में विशेष रूप से " क्रिमी लेयर में शामिल नहीं " के संबंध में खंड शामिल होना चाहिए और प्रासंगिक समय पर, अर्थात- उपरोक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय अद्यतन/वैध होना चाहिए। अतः, ओबीसी उम्मीदवारों को वैध और अद्यतन ओबीसी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के समय ओबीसी के लिए आरक्षित पदों पर विचार करने के लिए " क्रीमी लेयर में शामिल नहीं " के संबंध में विशेष रूप से खंड शामिल होना चाहिए। In respect of OBC candidates, reservation will be available only to candidates, who do not fall in the Creamy Layer and have to submit latest OBC (non-creamy layer) certificate issued by the Competent Authority in the prescribed format applicable for reservation in jobs under Government of India at the time of Skill Test. OBC certificate must specifically include the clause regarding "Exclusion from Creamy Layer" and should be updated/valid at the relevant point of time i.e. at the time of submission of on-line application for the above posts. OBC candidates, must therefore, furnish valid and updated OBC certificate which should specifically include the clause regarding "Exclusion from Creamy Layer" in order to be considered against the posts reserved for OBC at the time of Written Test/Skill Test.

xx. ईडब्ल्यूएस से संबंधित अभ्यर्थी को वर्ष 2025-2026 के लिए आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा और सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए वैध होना चाहिए। The candidate belonging to EWS, at the time of Skill Test, should produce Income & Asset Certificate for the year 2024-2025 and valid for the Financial year 2025-2026 issued in the prescribed format by the Competent Authority.

xxi. पीडब्ल्यूबीडी से संबंधित उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप [अनुलग्नक- IV] में मूल दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए, जिसमें दिव्यांगता का प्रतिशत स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो और केंद्र या राज्य सरकार द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो, जिसमें कम से कम तीन (03) सदस्य हों, जिनमें से एक दिव्यांगता के विशेष क्षेत्र का विशेषज्ञ हो। Candidates belonging to PwBD should produce the original Disability Certificate/UDID card in the prescribed format [Annexure-IV] clearly indicating the percentage of disability and issued by a Medical Board constituted by Central or a State Government, consisting of at least three (03) members out of which one shall be a specialist in the particular field of disability.

xxii. आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 2(आर) के तहत परिभाषित बेंचमार्क दिव्यांगता वाले किसी भी व्यक्ति को स्क्राइब की सुविधा दी जाएगी और इसमें गति सहित लिखने की सीमाएं हो, यदि उनके द्वारा ऐसा अपेक्षित हो। The facility of Scribe shall be allowed to any person with benchmark disability as defined

under section 2(r) of the RPwD Act, 2016 and has limitation in writing including that of speed if so desired by him/her.

1. अंधेपन, गति विकलांगता (केवल दोनों भुजाओं की) और मस्तिष्क पक्षाघात की श्रेणी में आने वाले दिव्यांगजनों के मामले में, यदि व्यक्ति चाहे तो उसे अनुलग्नक-V के अनुसार किसी भी चिकित्सा प्रमाण पत्र की आवश्यकता के बिना वैध दिव्यांगता प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड प्रस्तुत करने पर स्क्राइब की सुविधा दी जा सकती है। In case of persons with disabilities in the category of blindness, locomotor disability (both arms only) and cerebral palsy, the facility of scribe may be given, if so desired by the person upon production of valid disability certificate/UDID card without requiring of production of any medical certificate as per the Annexure-V.

2. अन्य विशिष्ट विकलांगताओं, जैसे कि अंधेपन, गति-बाधित विकलांगता (दोनों भुजाएँ प्रभावित - केवल BA) और मस्तिष्क पक्षाघात के अलावा, लेखक की सुविधा इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर दी जानी चाहिए कि संबंधित व्यक्ति को विशिष्ट विकलांगता के कारण लिखने में कार्यात्मक कठिनाई है और इसलिए, उसकी ओर से परीक्षा लिखने के लिए लेखक आवश्यक है। यह प्रमाण पत्र, अनुलग्नक-V के अनुसार, किसी सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक द्वारा विधिवत चिकित्सा परीक्षण के बाद जारी किया जाना है। In case of other specific disabilities i.e., except blindness, locomotor disability (both arm affected-BA only) and cerebral palsy, the facility of scribe must be allowed on production of certificate to the effect that the person concerned has a functional limitation to write, caused by specified disability and therefore, a scribe is essential to write the examination on his/her behalf. The certificate is to be issued, after due medical examination by Chief Medical Officer/Civil Surgeon/Medical Superintedent of a Government healthcare institution as per the Annexure-V.

xxiii. उपरोक्त 1 या उपरोक्त 2 के अंतर्गत स्क्राईव के उपयोग के लिए पात्र व्यक्ति (अनुलग्नक-V के अनुसार प्रमाण पत्र के साथ) को 20 मिनट/घंटा की दर से प्रतिपूरक समय प्रदान किया जाएगा, भले ही उन्होंने स्क्राईव का विकल्प न चुना हो। The person eligible for use of scribe under 1 above or 2 above (with certificate as per Annexure-V) will be granted compensatory time @20 minutes/ hour, even if they do not opt for the scribe.

xxiv. आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 2(एस) के तहत परिभाषित निर्दिष्ट दिव्यांगता वाले व्यक्ति, जिनकी विकलांगता 40% से कम है और लिखने में कठिनाई होती है, उन्हें अनुलग्नक- VII के अनुसार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। Persons with specified disabilities as defined under section 2(s) of the RPwD Act, 2016, having less than 40% disability, and difficulty in writing, have to produce certificate as per Annexure-VII.

xxv. अभ्यर्थी को अपने खर्चे पर अपने स्क्राइब की व्यवस्था करनी होगी। The Candidate will have to arrange own scribe at his/her own cost.

xxvi. स्क्राइब किसी भी शैक्षणिक स्ट्रीम से हो सकता है। स्क्राईव की योग्यता पद के लिए निर्धारित अनिवार्य योग्यता से एक कदम नीचे होनी चाहिए। The scribe may be from any academic stream. The qualification of the scribe should be one step below the essential qualification as prescribed for the post.

xxvii. एक उम्मीदवार के लिए स्क्राइब के रूप में कार्य करने वाला व्यक्ति दूसरे उम्मीदवार के लिए स्क्राइब नहीं हो सकता है। A person acting as a scribe for one candidate cannot be a scribe for another candidate.

xxviii. उम्मीदवार को यह पुष्टि करते हुए एक उपयुक्त वचन (अनुलग्नक- VI) देना होगा कि स्क्राईव ऊपर उल्लिखित स्क्राईव के लिए सभी निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करता है। यदि बाद में यह पता चलता है कि उसने किसी भी निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा नहीं किया है या भौतिक तथ्यों को छुपाया है तो आवेदक की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी, चाहे लिखित परीक्षा का परिणाम कुछ भी हो। The candidate will have to give an undertaking (Annexure-VI) confirming that his/her scribe fulfils all the stipulated eligibility criteria mentioned above. In case it later transpires that he/she did not fulfil any laid down eligibility criteria or suppressed material facts, the candidature of the applicant will stand cancelled, irrespective of the result of the Written Test.

xxix. परीक्षा के दौरान, किसी भी स्तर पर, यदि यह पाया गया कि स्क्राईव स्वतंत्र रूप से प्रश्न का उत्तर दे रहा है, तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। स्क्राईव की सेवाएँ लेने वाले ऐसे अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी भी रद्द कर दी जाएगी, यदि परीक्षा के बाद निरीक्षक/पर्यवेक्षक/प्रेक्षक द्वारा यह रिपोर्ट दी जाती है कि अभ्यर्थी/स्क्राईव ने ऐसे किसी कदाचार का सहारा लिया है। During the examination, at any stage, if it is found that scribe is independently answering the question, the candidate's candidature will be cancelled. The candidature of such candidates using the services of a scribe will also be cancelled if it is reported after the examination by the invigilator/supervisor/ observer that the candidate/ scribe has resorted to any such malpractices.

xxi. केवल भारत के नागरिक आवेदन करें। Only Indian Nationals need to apply.

xxii. किसी भी प्रकार की सिफारिश अपात्रता का आधार होगी। Canvassing in any form will be a disqualification.

xxiii. किसी भी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। **दूरभाष पर बातचीत सख्त रुप से मना किया जाता है।** No interim correspondence will be entertained. **Telephonic conversations are strictly not entertained.**

xxiv. अधूरे आवेदन जैसे-बिना फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, मार्कशीट,जाति/श्रेणी प्रमाण पत्र, जन्म तिथि का प्रमाण पूर्ण रूप से अस्वीकार कर दिया जाएगा। Incomplete applications like those without photograph, signature,mark-sheets, Caste/Category Certificate, Proof of Date of Birth, etc., will be rejected outright.

## M) अन्य अनुदेश Other Instructions

i. उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे नियत तिथि से काफी पहले आवेदन करें। अंतिम तिथि के भीतर किसी भी कारण से आवेदन जमा करने में विफलता के लिए एनआरएससी जिम्मेदार नहीं होगा। Candidates in their own interest are advised to apply well in advance of the due date. NRSC will not be responsible for failure to submit application due to whatsoever reason within the last date.

ii. इस भर्ती अधिसूचना के हिंदी संस्करण में किसी वाक्यांश की व्याख्या से उत्पन्न किसी अस्पष्टता/विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण में दी गई व्याख्या मान्य होगी। In case an ambiguity/dispute arises on account of interpretation of any clause in the Hindi version of this Recruitment notification, the instructions as spelt out in the English version shall prevail.

iii. यह ध्यान दिया जाए कि शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, आवश्यक अर्हरता, पदों की संख्या आदि में किसी भी संशोधन से संबंधित, केवल एनआरएससी वेबसाइट में अधिसूचित किया जाएगा और समाचार पत्रों में अधिसूचित/विज्ञापित नहीं किया जाएगा। Corrigendum, Addendum etc., notifying any changes in this advertisement will be published in NRSC website only for information of all concerned.

## <u>N) याद रखने के लिए प्रमुख तिथियां Important Date(s) to Remember</u>:

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण आरंभ होने की तिथि<br>Opening Date for On-line Registration | : | **10.11.2025 (10:00 बजे Hrs)** |
| ऑनलाइन पंजीकरण समापन करने की तिथि<br>Closing Date for On-line Registration | : | **30.11.2025 (17:00 बजे Hrs)** |
| हर दृष्टि से सभी उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारित करने की तिथि ऑनलाइन भर्ती आवेदन, जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि अर्थात- **30.11.2025** होगी। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन भर्ती आवेदन में अपने सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें।<br>Date for determining the Eligibility of all candidates in every respect shall be the prescribed closing date for submission of online recruitment application i.e., **30.11.2025.** The applicants are advised to fill in all their particulars in the online recruitment application carefully. | | |
| शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा की तिथि पर अन्य दस्तावेजों के साथ अपने ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट लाना आवश्यक है, जिसकी सूचना अलग से दी जाएगी।<br>Shortlisted candidates are required to bring the printout of his/her online application alongwith other documents on the date of Skill Test which shall be intimated separately. | | |

**नवीनतम अपडेट के लिए समय-समय पर एनआरएससी की वेबसाइट www.nrsc.gov.in पर जाएं।**
**Visit NRSC website www.nrsc.gov.in from time to time for latest update.**

*<u>"सरकार कर्मचारियों की ऐसी संख्या तैयार करना चाहती है जिसमें लिंग संतुलन को परिलक्षित किया जाए तथा महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है"</u>*
*"Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply".*

*अनुचित या प्रभाव के माध्यम से और अनैतिक तरीकों के उपयोग से अं.वि./इसरो में नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके धोखा देने की कोशिश करने वाले दलालों और नौकरी रैकेटरों से सावधान रहें। अं.वि./इसरो अपनी ओर से कार्रवाई के लिए कभी भी किसी एजेंट या कोचिंग केंद्र को नियुक्त नहीं करता है। उम्मीदवारों को व्यक्तियों/एजेंसियों द्वारा किए जा रहे ऐसे किसी भी दावे के प्रति आगाह किया जाता है। उम्मीदवारों का चयन पूरी तरह से योग्यता के अनुसार किया जाता है। बेईमान तत्वों से सावधान रहें और उनके जाल में न फंसें।*
*उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे केवल एनआरएससी/इसरो की आधिकारिक वेबसाइट देखें और बेईमान तत्वों/दलालों द्वारा डाली गई नकली वेबसाइटों और सोशल मीडिया सामग्री से सावधान रहें।*
Beware of Touts and job racketeers trying to deceive by false promises of securing job in DOS/ISRO either through influence or by use of unfair and unethical means. DOS/ISRO never appoints any agent(s) or coaching centre(s) for action on its behalf. Candidates are warned against any such claims being made by persons/ agencies. Candidates are selected purely as per merit. Beware of unscrupulous elements and do not fall in their trap.

Candidates are advised to visit only the official website of NRSC/ISRO and beware of FAKE websites and social media content put up by unscrupulous elements/ touts.